अम्बर ऑफसेट प्रा. लि.
केडलगंज, अलवर
अत्याधुनिक छपाई का विश्वसनीय स्थान
अत्याधुनिक तकनीक से प्लेट मेकिंग, ग्राइडिंग एवं नेगेटिव, पोजिटिव के लिए सम्पर्क करें-
फोन नं.- 2335105

# सांध्य ज्योति दर्पण

www.dainiksandhyajyotidarpan.com

वर्ष 34 | अंक 252 | अलवर, मंगलवार, 1 अक्टूबर 2024 | जयपुर, अलवर, नागौर व भरतपुर से एक साथ प्रकाशित | पृष्ठ 8 मूल्य: एक रु.

अम्बर ऑफसेट प्रा. लि.
केडलगंज, अलवर
अत्याधुनिक छपाई का विश्वसनीय स्थान
अत्याधुनिक तकनीक से प्लेट मेकिंग, ग्राइडिंग एवं नेगेटिव, पोजिटिव के लिए सम्पर्क करें-
फोन नं.- 2335105

बहरोड़, भिवाड़ी, राजगढ़, तिजारा, कोटकासिम, थानागाजी, मालाखेड़ा, लक्ष्मणगढ़, किशनगढ़बास, कठूमर, खेड़ली, बानसूर, खैरथल, गुरुग्राम, धारूहेड़ा व रेवाड़ी से प्रसारित

## श्राद्ध-पक्ष का समापन कल, शारदीय नवरात्रे शुरू होंगे तीन से

### शहर के मंदिरों सहित बाला किला स्थित करणी माता मेले की तैयारियां शुरू

**अलवर, 1 अक्टूबर ( नसं )।** श्राद्ध पक्ष का समापन 2 अक्टूबर बुधवार को होगा। शारदीय नवरात्रे 3 अक्टूबर से शुरू होंगे। बाला किला स्थित करणी माता मंदिर में 9 दिन तक मेले के दौरान भक्तों की भीड़ रहेगी । नवरात्रों को लेकर अभी से शहर में चहलपहल शुरू हो गई है।

दुकानदारों ने भी आगामी त्यौहारों को देखते हुए दुकानों में समान भर लिया है। इस पर अच्छी बारिश होने के कारण मौसम भी सही है एवं खेतों में हरियाली छाई हुई है । अच्छी फसलों के पैदावार की भी उम्मीद है। इससे किसान भी खुश है। दुकानदारों को भी बिक्री की अच्छी उम्मीद है। पंडित यज्ञदत शर्मा ने बताया कि 2 अक्टूबर, बुधवार को देवपितृकार्य अमावस्या व सर्वपितृ श्राद्ध है। इस दिन भूले-बिसरे सभी दिवंगत पूर्वजो, जिनकी तिथि हमे ज्ञात नहीं है, उनके निमित भी श्राद्ध निकाला जाएगा।

शास्त्रोक्त श्राद्धपक्ष की अमावस्या को पितरो के निमित्त - श्राद्धकर्म, पिंडदान व श्राद्ध कर्म करने से पितर प्रसन्न होकर-सुख-समृद्धि, धन-ऐश्वर्य, पुत्र-पौत्रादि व परिवार में खुशहाली का विशेष आशीर्वाद प्रदान करते हैं।



इस अमावस्या पर पीपल के वृक्ष की पूजा व परिक्रमा विशेष फलदायी मानी गई है। गरुड-पुराण और श्रीमद् भागवत महापुराण के अनुसार- पीपल के वृक्ष में देवता और पितृ दोनों का वास होता है



शहर के स्कीम नंबर दो स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में 3 अक्टूबर गुरुवार से शारदीय नवरात्रे शुरू होंगे। महंत सुमेर गिरी जी महाराज ने बताया कि शारदीय नवरात्रे में घट स्थापना का सर्वश्रेष्ठ मुहूर्त सुबह 6:24 से 8:45 बजे तक एवं अभिजीत मुहूर्त 11: 52 से 12:39 बजे तक रहेगा। लक्ष्मी नारायण मंदिर में नवरात्रे के दौरान प्रतिदिन 4 बजे से सत्संग होगा। उन्होंने बताया कि 10 अक्टूबर को 12 बजे हवन, 11 अक्टूबर को अष्टमी व महानवमी (कन्या पूजन) होगा। उन्होंने बताया कि 12 अक्टूबर को विजयदशमी पर्व दशहरा मनाया जाएगा। 13 अक्टूबर को एकादशी व्रत ,16 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा चांद पूर्णिमा व्रत रहेगा। 17 अक्टूबर को सत्यव्रत कार्तिक स्नान प्रारंभ होगा एवं 18 अक्टूबर को कार्तिक कथा शुरू होगी।

### करणी माता मेले के लिए मेला मजिस्ट्रेट नियुक्त

**अलवर, 1 अक्टूबर (नसं)।** जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. आर्तिका शुक्ला ने 3 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले करणी माता मेले के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाएं रखने तथा अन्य प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु तहसीलदार अलवर को मेला मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।

## जिला चिकित्सालय की सेवाओं का समय परिवर्तित

**अलवर, 1 अक्टूबर ( निसं )।** प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील चौहान ने बताया कि 1 अक्टूबर 2024 से 31 मार्च 2025 तक जिला चिकित्सालय की ओपीडी एवं आपातकालीन ओपीडी सेवाओं का समय परिवर्तित किया गया है।

उन्होंने बताया कि प्रात:कालीन ओपीडी प्रात: 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक तथा राजपत्रित अवकाश (रविवार/अन्य राजपत्रित अवकाश) के दिन प्रात: 9 बजे से प्रात: 11 बजे तक खुलेगी, सांयकालीन आपातकालीन ओपीडी दोपहर 3 बजे से रात्रि 9 बजे तक तथा रात्रिकालीन आपातकाल ओपीडी रात्रि 9 बजे से अगले दिन प्रात: 9 बजे तक तथा रविवार/ राजपत्रित अवकाश के दिन प्रात: 11 बजे से रात्रि 9 बजे तक एवं रात्रि 9 बजे से प्रात: 9 बजे तक रहेगी। उन्होंने बताया कि शहरी चिकित्सालयों में ओपीडी प्रात: 9 बजे से दोहपर 3 बजे तक एवं रविवार/राजपत्रित अवकाश को प्रात: 9 बजे से प्रात: 11 बजे तक खुलेगी।

## दिव्यांगता पुनर्वास केंद्र संचालन के लिए आवेदन आमंत्रित

**अलवर, 1 अक्टूबर ( निसं )।** भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों के प्रभावी पुर्नवास और सशक्तिकरण के लिए जिले में जिला दिव्यांगता पुनर्वास केन्द्र (डीडीआरसी) का संचालन किया जाना है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक अनिल मच्या ने बताया कि जिला दिव्यांगता पुनर्वास केन्द्र हेतु जिले की इच्छुक स्वयंसेवी संस्थाएं संस्था संचालन हेतु प्रस्ताव ई-अनुदान पोर्टल पर ऑनलाईन भर सकते है। वर्तमान में प्रस्ताव ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। जिला कार्यालय द्वारा ऑफलाइन आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। अधिक जानकारी के जिला कार्यालय में सम्पर्क कर सकते है।

## कायथवाल ने एडीएम प्रथम का पदभार संभाला

**अलवर, 1 अक्टूबर ( निसं )।** राजस्थान प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी मुकेश कायथवाल ने कलक्ट्रेट में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम का कार्यभार ग्रहण किया।

## संविदा कार्मिक सामूहिक अवकाश पर

**कोटकासिम, 1 अक्टूबर ( निसं )।** हाईकोर्ट में कार्यरत संविदा कर्मी मनीष सैनी द्वारा आत्महत्या प्रकरण के संबंध में राज्य स्तर पर शहीद स्मारक पर स्वर्गीय मनीष सैनी को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

वहीं राज्य सरकार को भी संविदा से मुक्ति दिलाने के लिए प्रदर्शन किया जायेगा। जिसमें शामिल होने के लिए समस्त एनएचएम एवं संविदा कार्मिक अवकाश पर रहेंगे। जिसके चलते 1 अक्टूबर मंगलवार को समस्त संविदा कार्मिकों ने ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सामूहिक अवकाश का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया।

## भगवत-चिंतन

### मित्रता का स्वभाव

विरोध करने वाला शत्रु नहीं अपितु गलत कार्यों का विरोध न करने वाला परम शत्रु होता है। दुर्योधन ने चाचा विदुर की बात मान ली होती तो महाभारत न होता और रावण ने भाई विभीषण की बात मानी होती तो लंका विध्वंश न होता। वास्तव में सच्चा मित्र वही है जो हमारी मति सुधार दे, जीवन को श्रेष्ठ गति देते हुए गोविन्द के चरणों में रति प्रदान कर दे।

लोग सोचते हैं कि स्वजन-प्रियजन वही है, जो हर स्थिति में आपका साथ दें लेकिन वास्तव में सच्चे प्रियजन वही हैं जो सदैव कुकर्म से आपको बचाने का प्रयास करें। वह व्यक्ति किंचित आपका शत्रु नहीं हो सकता जो आपको आपकी गलतियों का बार-बार स्मरण कराये अपितु वह आपका शत्रु अवश्य है जो आपके गलत दिशा में बढ़ते हुए कदमों को देखकर भी रोकने का प्रयास न करे।

-महंत सुमेर गिरी महाराज

## विषाक्त पदार्थ का सेवन करने से महिला की इलाज के दौरान मौत

**बहरोड़, 1 अक्टूबर ( निसं )।** क्षेत्र के गांव दहमी की रहने वाली मनीषा (32) पत्नी विनोद कुमार ने विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। इस संबंध में मृतक के भाई प्रदीप यादव ने पुलिस में अपने बहनोई विनोद कुमार और सास चंद्रकला के खिलाफ दहेज की मांग को लेकर तंग और परेशान करने, मारपीट करने और जहरीला पदार्थ देने की रिपोर्ट दर्ज करवाई।



पुलिस ने बताया कि मृतका मनीषा का नीमराणा के गांव डाबडवास में पीहर है और गांव दहमी में ससुराल है। मनीषा को परिवार के लोग रविवार शाम को अचेत अवस्था में लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां उसकी गंभीर हालत होने पर डॉक्टर ने उसे रेफर कर दिया। जिसके बाद परिजन उसे पार्क अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां देर रात को मनीषा की उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के भाई प्रदीप कुमार ने रिपोर्ट में बताया कि उसकी बहन की शादी 6 मई 2011 को गांव दहमी के रहने वाले विनोद कुमार पुत्र रामप्रताप के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही विनोद और उसकी मां चन्द्रकला उसकी बहन मनीषा को दहेज के लिए तंग और परेशान करते थे। जिसकी जानकारी कई बार मनीषा ने अपने पीहर वालों को भी दी। पीहर पक्ष के लोगों अपने गांव के मौजीज व्यक्तियों को लेकर गांव दहमी पहुंचे और कई बार समझाइस भी की गई। रिपोर्ट में बताया कि जब उसकी बहन मनीषा के दो बच्चे हुए तब कुआ पूजन पर खूब दान दहेज दिया था। 29 सितंबर को सुबह करीब 7 बजे मनीषा ने अपनी मम्मी को फोन कर बताया कि उसे कमरे में बंद किया हुआ है और मारपीट कर रहे हैं। शाम साढ़ 6 बजे मनीषा ने फोन किया और कहा कि विनोद और मेरी सास ने उसे जहर दे दिया।

इसके बाद प्रदीप उसकी मां और भाई सुंदर सरकारी जिला अस्पताल पहुंचे। जहां मनीषा ने बताया कि मेरे पति और सास दोनों ने मिलकर गेहूं में रखने वाली दवाई दे दी।

## लेपर्ड के मूवमेंट से ग्रमीणों में दहशत

**बानसूर, 1 अक्टूबर ( नसं )।** क्षेत्र में लगातार लेपर्ड की मूवमेंट होने से ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ है। लेपर्ड लगातार किसानों के पशुओं का शिकार कर रहा है।

पिछले एक महीने में लेपर्ड कई गांवों में क़रीब एक दर्जन पशुओं का शिकार कर चुका है। रविवार रात को लेपर्ड ने चूला गांव में एक गाय के बछड़े का शिकार कर दिया।

ग्रामीणों ने बताया कि पिछ्ले कई दिनों से लगातार लेपर्ड की मूवमेंट से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। पिछ्ले दिनों भी लेपर्ड ने एक किसान की बकरियों का शिकार कर दिया था।

## डंपरों से फैलने वाले प्रदूषण के विरोध में धरना 6 दिन से लगातार जारी

### भूख हड़ताल पर बैठे रामगढ़ उपप्रधान का स्वास्थ्य खराब

**अलवर, 1 अक्टूबर ( नसं )।** अवैध ओवरलोड पत्थरों से भरे डंपरों से उड़ने वाली धूल से परेशान ग्रामीणों का धरना छठे दिन भी जारी रहा। लेकिन प्रशासन की तरफ से प्रदर्शनकारियों की सुध लेने के लिए धरनास्थल पर कोई नहीं पहुंचा।

3 दिन से भूख हड़ताल पर रामगढ़ उपप्रधान अतर सिंह की तबियत अचानक खराब हो गई। वह धरनास्थल पर ही बेहोश होकर गिर गए। धरनास्थल पर मौजूद लोगों के द्वारा उन्हें सीएचसी नौगावा ले जाया गया। जहां डॉक्टर द्वारा उनकी जांच कर प्राथमिक उपचार दिया गया। सीएचसी के चिकित्सक शुभम ने बताया की धरनास्थल पर बैठ अतर सैनी की तबीयत खराब हो गई थी जिन्हे अस्पताल लाया गया है। इनका बीपी हाई हो गया है। जिनको संबधित उपचार दिया गया है। और देखरेख में रखा गया है।

रामगढ़ उपखण्ड अधिकारी नीतू करोल ने बताया कि लीगल चल रहे डंपरों को नहीं रोका जा सकता। जबकी ईल लीगल डंपरों के चलने पर रोक लगाई जावेगी। परिवहन विभाग को अवैध ओवरलोड डंपरों पर कार्यवाही हेतु निर्देश दिए गए है।

शनिवार को धरना प्रदर्शनकारियों की मांग को लेकर शनिवार को प्रसाशनिक बैठक का आयोजन किया गया था। जिसें नौगांवा सरकारी स्कूल के समीप से निकलने वाले डंपरो को दूसरे रास्ते से निकालने के लिए विकल्प ढूंढा जा रहा है।

**40 टन की बजाय 80 टन तक होता है पत्थरों का परिवहन :** परिवहन विभाग की तरफ से इन डंपरों को 40 टन पत्थरों के परिवहन की अनुमति दी जाती है लेकिन डंपरों के द्वारा लगभग 70 से 80 टन पत्थरों को भरा जाता है। साथ ही ओवरलोड डंपरों पर नंबर भी नहीं डाले जाते जिससे की दुर्घटना के बाद यह आसानी से बच निकलते है।

प्रशासन की तरफ से नौगांवा तहसीलदार मांगीलाल मीणा एवं हल्का पटवारी बलवीर मौके पर पहुंचे जहाँ उन्होंने धरनाप्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों के सामने वैकल्पिक रास्ता मिलने तक डंपरों को स्कूल के समीप से निकालने के लिए कहा गया।

मौके पर मौजूद ग्रामीणों द्वारा डंपरों के लिए दूसरे रास्ते के विकल्प में लगने वाले समय के लिए पूछा गया, जिसका प्रशासन द्वारा कोई उचित जवाब नहीं दिया गया। इस पर धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों ने उचित आश्वासन एवं समस्या के स्थाई समाधान के लिए उच्च अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग की।

इस संबंध में तहसीलदार मांगीलाल मीणा ने बताया कि उच्च अधिकारीयों के निर्देश पर धरनाप्रदर्शन कर रहे लोगों से समझाईश का प्रयास किया गया। डंपरों के परिवहन के लिएदूसरा रास्ते का विकल्प निकालने का प्रयास किया जा रहा है।

रास्ता मिलने तक ग्रामीणों से डंपरों के पहले वाले रास्ते से ही निकाले जाने देने के लिए आग्रह किया गया। परन्तु ग्रामीण नहीं माने। उच्चाधिकारियों को वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया।

## हिस्ट्रीशीटर की जमानत पर हुड़दंग करने वालों को किया गिरफ्तार

**बहरोड़, 1 अक्टूबर ( निसं )।** पुलिस थाना मांढ़ण के हिस्ट्रीशीटर अर्जुन उर्फ अरूण की हत्या के मुकदमें में जमानत होने पर हुड़दंग की प्लानिंग करते हुए ऐरिया डोमिनेशन में 10 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली थी कि नारनोल जेल में बंद मांढ़ण थाना के हिस्ट्रीशीटर अर्जुन उर्फ अरूण की हत्या के मुकदमें में जमानत होने पर शनिवार की रात्रि में उसके चहेतों द्वारा हिस्ट्रीशीटर का मनोबल बढ़ाने के लिए कस्बा मांढ़ण व बाबा भोमिया मन्दिर के पटाखे चलाकर काफी हुड़दंग किया गया था। रविवार को फिर हिस्ट्रीशीटर के स्वागत में हुड़दंग मचाने के लिए गौशाला के पास बैठक की जा रही है। सूचना पर मौके पर पहुंचकर बैठक में शामिल 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नितिन यादव, नितिश सैनी, रवि सोनी, भीम सिंह, मनीष कुमार, जितेंद्र लेखरा, दीप दर्शन, आकाश, धर्मवीर उर्फ गुगन गुर्जर और विनोद सैनी के रूप में हुई है। सभी आरोपी मांढ़ण और आस-पास के गांवों से ताल्लुक रखते हैं।

## अग्रसेन जयंती समारोह में मेहंदी, म्यूजिकल चेयर व चित्रकला प्रतियोगिता सहित बुजुर्गों का सम्मान

**अलवर, 1 अक्टूबर ( नसं )।** अग्रसेन जयंती के समारोह के द्वितीय दिवस पर महिलाओं की मेहंदी, म्यूजिकल चेयर, चित्रकला प्रतियोगिता के साथ बुजुर्गों का सम्मान किया गया। साथ ही श्री राधा कृष्ण संकीर्तन (इस्कॉन मण्डली द्वारा) भी हुआ।

श्री अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष अमित गोयल ने बताया कि श्री अग्रसेन जयंती समारोह के द्वितीय दिवस पर प्रथम कार्यक्रम दोपहर 12 बजे मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 150 अग्र महिलाओं ने भाग लिया। अग्रवाल महिला मंडल विनिता गर्ग, रेखा गर्ग एवं सोनिया गुप्ता ने बताया कि इस प्रतियोगिता में सीनियर ग्रुप में प्रथम साक्षी, द्वितीय खुशबू, तृतीय सिया रही और जूनियर ग्रुप में प्रथम स्थान लवी, द्वितीय जिया, तृतीय प्रेक्षा ने पुरस्कार प्राप्त किया। प्रतियोगिता की निर्णायक रिंकल गर्ग, अनु मित्तल, गरिमा गोयल थी।

इसके उपरांत दोपहर 2 बजे अग्रवाल महिलाओं के लिए म्यूजिकल चेयर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें 200 अग्र महिलाओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में सीनियर ग्रुप में प्रथम स्थान बबीता गुप्ता, द्वितीय सीमा गुप्ता, तृतीय भावना जिन्दल रही और जूनियर ग्रुप में प्रथम स्थान तृप्ती अग्रवाल, द्वितीय रिया अग्रवाल, तृतीय नामिक्षा मित्तल ने पुरूस्कार प्राप्त किया। प्रतियोगिता की निणार्यक सारिका अग्रवाल, रिंकी सिंघल थी।

प्रमोद गुप्ता, राकेश बंसल, राहुल बंसल ने बताया कि दोपहर 4 बजे चित्रकला प्रतियोगिता में जूनियर व सीनियर वर्ग में हुई। जिसमें सीनियर ग्रुप में प्रथम पारूल, द्वितीय जिया, तृतीय याषिका ने स्थान प्राप्त किया। जूनियर ग्रुप में प्रथम दिवाषी, द्वितीय परिणीता, तृतीय रिया ने स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता की निर्णायक शुचि सरोज, कृष्णा अग्रवाल, कंचन गोयल थी।



महासभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पदम चंद अग्रवाल एवं जयंती संयोजक अंकेश गोयल, रिंकेश जिंदल ने बताया कि हमारे बुजुर्ग-हमारा अभिमान सम्मान समारोह आयोजित हुआ जिसके अंतर्गत शाम 4 बजे पूर्वी क्षेत्र ईकाई का समारोह सेंट सोल्जर स्कूल के पास, ईकाई अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल व कार्यक्रम संयोजक सुभाष मित्तल के नेतृत्व मे हुआ जिसमें हुकुम चन्द गर्ग, सुरेष अग्रवाल, गिरिश अग्रवाल, नन्नू राम अग्रवाल अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इसी क्रम में शाम 04:30 बजे उत्तरी क्षेत्र ईकाई समारोह सामुदायिक भवन शिवाजी पार्क के पास ईकाई अध्यक्ष डॉ. राहुल गर्ग, जितेंद्र गर्ग, के संयोजन में आयोजित हुआ जिसमें गोविंद गोयल, राहुल गुप्ता, अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शाम 5.30 बजे दक्षिणी ईकाई का समारोह श्री अग्रवाल छात्रावास, नयाबास में किया गया जिसमें ईकाई अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल, राजीव गोयल के संयोजन में सी.ए. आर.के. गर्ग, डॉ. भाग चन्द अग्रवाल, अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और सांय 6.30 बजे मध्य क्षेत्र ईकाई का समारोह श्री अग्रवाल धर्मशाला में ईकाई अध्यक्ष प्रवीण गोयल, आशीष, तुलसी राम मित्तल के संयोजन में आयोजित हुआ। जिसमें ओम प्रकाश गोयल, पंकज अग्रवाल अतिथि के रूप में सम्मलित हुए। प्रचार मंत्री मनीष गोयल बूरे वाले ने बताया कि चारों ईकाइयों में 205 बुजुर्गो को सम्मान किया गया। अंकेश गोयल व प्रवीण गोयल,अषोक गोयल, सचिन सिंघल ने बताया कि रात्री 08:00 बजे राधा कृष्ण संकीर्तन (इस्कॉन मण्डली द्वारा) अग्रवाल धर्मशाला, श्री अग्रसेन मार्ग, अलवर में हुआ जिसमें इस्कॉन मंडली सदस्यों द्वारा मधुर स्वर से भजनों को गाया गया। भव्य दरबार के साथ आयोजित हुआ जिसमें बडी संख्या में अग्रबंधु उपस्थित रहे।

**आज के कार्यक्रम :** महासभा अध्यक्ष अमित गोयल, मंत्री सुरेश अर्ग्रवाल के अनुसार मंगलवार प्रात: 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक नि:शुल्क जांच शिविर श्रीमती बर्फी देवी पुरूषोत्तम दास श्री अग्रसेन धर्मार्थ चिकित्सालय, 95 स्कीम नं. 1 अलवर आयोजित होगा। जिसमें बी.पी, ब्लड शूगर, ईसीजी, सीबीसी आदि की जांचे नि:शुल्क की जावेगी।

मेला संयोजक राकेश बंसल, सह सयोजक अशोक गोयल एवं अखिलेश गर्ग ने बताया शाम 6 बजे अग्रसेन मेला अग्रध्वज झण्डारोहण के साथ शुरू होगा। श्री अग्रसेन मेला जिसमें हैल्दी बेबी प्रतियोगिता-आयु 3 वर्ष तक विचित्र वेषभूषा प्रतियोगिता बच्चों के लिए और एक-दूजे के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा और शाम 7: 30 बजे अग्र गौरव सम्मान समारोह अग्रवाल समाज के आयु अनुसार वरिष्ठ डॉक्टर, शिक्षाविद्, इंजिनियर एवं वरिष्ठ समाजसेवियों का सम्मान आयोजित होगा।

अग्रवाल झंडारोहण के साथ मेला शुरू होगा। प्रत्येक क्षेत्र के अधिकतम 7 बन्धुओंका सम्मान किया जावेगा। अग्र गौरव सम्मान समारोह एवं श्री अग्रसेन मेला दा रिवाज रिसोर्ट (मंगल परिणय मैरिज होम) कम्पनी बाग के सामने अलवर में आयोजित होगा।

## रामगढ़ उपचुनाव के संबंध में अंतरराज्यीय सीमा के अधिकारियों से समन्वय बैठक

**अलवर, 1 अक्टूबर ( नसं )।** रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव की तैयारियों के संबंध में निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले से लगती हुई अंतरराज्यीय सीमा क्षेत्र के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों की चुनाव के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था के संबंध में बैठक आयोजित हुई।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग बैठक से संभागीय आयुक्त जयपुर रश्मि गुप्ता, जयपुर रेंज आईजी अजयपाल लाम्बा, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर अलवर डॉ. आर्तिका शुक्ला, पुलिस अधीक्षक अलवर संजीव नयन, एडीएम प्रथम अलवर संजू शर्मा, एडीसी नूहं शैफाली सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षण नूहं प्रदीप सिंह, जिला आबकारी अधिकारी नूहं अनुपमा सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अलवर मुख्यालय तेजपाल सिंह, सहायक जिला आबकारी अधिकारी अलवर पवन शर्मा, पुलिस उपाधीक्षक नूहं सुरेन्द्र किन्हा सहित संबंधित अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक से जुडे।



बैठक में आगामी रामगढ़ विधानसभा उप चुनाव को सुरक्षित एवं शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने हेतु निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की सख्ती से पालना कराए जाने के संबंध में अलवर जिले की सीमा से लगते हुए हरियाणा राज्य के नूहं जिले के उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने बेहतर तालमेल रखते हुए पूर्ण सहयोग करने का विश्वास दिलाया।

जिला कलक्टर अलवर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए बताया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावी होने से पूर्व दोनों राज्यों के संबंधित अधिकारियों द्वारा अंतरराज्यीय सीमा पर सतर्कता बढाते हुए विशेष निगरानी बरती जाएगी। अंतरराज्यीय चेक पोस्टों पर विशेष सतर्कता रखते हुए जिसके तहत चुनाव को प्रभावित कर सकने वाली सभी प्रकार की गतिविधियों पर प्रभावी रोकथाम लगाने की संयुक्त कार्यवाही की जावेगी जिसके तहत अवैध शराब, अवैध हथियारों एवं निर्धारित सीमा से अधिक नगद राशि के निर्गमन आदि पर विशेष रोकथाम लगाई जाएगी तथा जब्ती की कार्रवाई की जावेगी।

दोनों राज्यों के अधिकारियों ने बेहतर समन्वय के साथ आपसी सूचना तंत्र को मजबूत बनाये रखने पर बल दिया। संबंधित दोनों राज्यों से सूचना सम्प्रेषित होते ही संयुक्त कार्रवाई अमल में लाई जावेगी। साथ ही हरियाणा विधानसभा आम चुनाव में भी पूर्ण प्रदान किया जा रहा है।

## अलवर पुलिस अधीक्षक संजीव नैन ने संभाला कार्यभार

**अलवर, 1 अक्टूबर ( नसं )।** अलवर जिले के नए एसपी संजीव नैन ने सोमवार को कार्यभार संभाल लिया है। नैन ने कार्यभार ग्रहण करने के बाद मीडिया से कहा कि अलवर एसपी आनंनद शर्मा व आईजी भरतपुर ने अच्छा कार्य किया। उनके काम को ही आगे बढ़ाएंगे। साइबर अपराधियों को पकड़ने के लिए पुलिस तैयार है। अब पुलिस मुख्यालय से नई नई तकनीक की ट्रेनिंग लेकर तैयार हो रही है।



एसपी संजीव नैन ने कहा कि राज्य सरकार व पुलिस मुख्यालय की प्राथमिकताएं ही हमारी हैं। अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग प्राथमिकता हो सकती हैं। जैसे मारवाड़, मेवाड़ व अलवर की प्राथमिकताएं अलग हैं। अब अलवर में उप चुनाव होने वाले हैं। इस कारण प्राथमिकताएं भी कुछ बदल जाएंगी। लेकिन सरकार व पुलिस मुख्यालय के अनुसार कार्य करेंगे।

साइबर सहित अन्य अपराध को रोकने के लिए एसपी नैन ने कहा कि अलवर के पुराने एसपी व आईजी भरतपुर ने अच्छा कार्य किया। उनके काम को आगे बढ़ाएंगे। सख्ती से अपराधियों के खिलाफ एक्शन लेंगे। पुलिस मुख्यालय के स्तर से नई नई तकनीक विकसित की जा रही है। हमें वहां से प्रशिक्षण मिलता है। साइबर एक्सपर्ट को साथ ले रहे हैं। उसके आधार पर अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही करेंगे।

### करंट से मौत के मामले में बढ़ा तनाव

## बिजली कंपनी के कर्मचारी को एक करोड़ रुपए का मुआवजा दिलाने धरने पर बैठे पूर्व केबिनेट मंत्री

बीकानेर, 1 अक्टूबर बिजली कंपनी बीकेईएसएल के लिए काम करने वाले एक लाइन मेन की करंट से मौत के बाद कांग्रेस पार्टी हरकत में आ गई है। कांग्रेस के पूर्व केबिनेट मंत्री गोविन्दराम मेघवाल सहित कई नेता कलेक्टरी पर धरने पर बैठ गए हैं। पीड़ित के परिवार को एक करोड़ रुपए का मुआवजा और पत्नी को सरकारी नौकरी व पेंशन के लिए डिमांड की जा रही है। बीकानेर के जवाहर नगर क्षेत्र में तेजकरण मेघवाल नामक बिजली कर्मचारी काम कर रहा था। इस दौरान करंट लगने से घायल हो गया। पीबीएम अस्पताल के ट्रोमा सेंटर में इलाज के दौरान उसकी शनिवार को मौत हो गई। इसके बाद से विरोध प्रदर्शन का सिलसिला चल रहा है। अब पूर्व केबिनेट मंत्री गोविन्दराम मेघवाल के नेतृत्व में कलेक्टरी पर धरना दे दिया। मेघवाल ने कहा कि जब तक मांगों को स्वीकार नहीं किया जाएगा, तब तक धरना समाप्त नहीं होगा। शहरभर में हो रहे फॉल्ट दुरुस्त नहीं हो पा रहे हैं। बिजली कंपनी के फॉल्ट सही करने वाले कार्मिकों ने हड़ताल कर दी हे, ऐसे में शहरभर में पांच सौ से ज्यादा बिजली संबंधित शिकायतों का निवारण नहीं हो पा रहा है। वहीं, सोमवार को कलेक्टरी पर मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग को लेकर प्रदर्शन की तैयारी हो रही है। पिछले दिनों भूतनाथ फीडर पर काम करते हुए लाइन मेन तेजकरण मेघवाल घायल हो गया था। पीबीएम अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उसके परिजनों ने बिजली कंपनी और विद्युत विभाग के अधिकारियों के खिलाफ मामला भी दर्ज कराया है। प्रशासन की ओर से उचित मुआवजा नहीं देने के विरोध में सोमवार को कलेक्टरी पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। पूर्व मंत्री गोविन्दराम मेघवाल ने कहा है कि तेजकरण के परिवार को एक करोड़ रुपए का मुआवजा, एक सदस्य को सरकारी नोकरी, पत्नी को भरण पोषण और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग रखी हे। इसके साथ ही बीकेईएसएल के संविदा कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने और ड्यूटी टाइम आठ घंटे से अधिक नहीं रखने की मांग की गई है। कंपनी प्रवक्ता अशोक शर्मा का कहना हे कि रविवार को दूसरे दिन भी कुछ लोगों की धमकी के कारण संविदा कर्मचारी काम पर नहीं आए जिससे रखरखाव का पूरी ठप पड़ा है। कंपनी को अब तक 500 से अधिक शिकायतें मिली है जिनका निराकरण नहीं हो पा रहा है। करीब 11 आपातकालीन शिकायतें है। कल शाम को नत्थूसर बाग और नायपीर दरगाह क्षेत्र में बिजली बन्द होने पर लोगों ने जैसलमेर रोड गौशाला जीएसएस पर जाम कर रखा है। पुलिस मौके पर पहुंच गई है लेकिन कर्मचारी काम नहीं कर पा रहे है। इसी तरह 132 केवी जीएसएस के नम्बर एक फीडर को स्पार्किंग के कारण बन्द करना पड़ा जिसे कर्मचारी ठीक नहीं कर रहे हैं। इससे सुजानदेसर और चेतनानंद जीएसएस बन्द पड़े हैं। शिकायतों का निराकरण नहीं होने से उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। कंपनी धमकी से डरे कर्मचारियों को समझाने का प्रयास कर रही है।

## पत्नी और सालों ने की मारपीट युवक ने लगाया फंदा

सिरोही, 1 अक्टूबर। सदर थाना एएसआई ने बताया कि कृष्णगंज निवासी आनंद कुमार पुत्र भंवरलाल गवारिया ने सिरोही सदर पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें बताया ?है कि मेरा छोटा भाई घेवर कुमार (28) 4 दिन पहले अपने ससुराल जोधपुर के बिलाड़ा से लगते भावी गांव में गया था। वहां उसकी पत्नी और दो सालों ने उसे मारपीट कर रात को ही घर से बाहर निकाल दिया। वह किसी तरह वहां से पाली तक पहुंचा और परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही उसके परिजन उसे लेकर घर पर आए। रविवार रात रात उसने खाना खाया और कमरे में जाकर के सो गया। सोमवार सुबह करीब 7=30 बजे जब मां पानी की टंकी से पानी भरने के लिए पहुंची तो घेवर कुमार कमरे में लगे एंगल से फंदे पर लटका हुआ मिला। मां के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए। उन्होंने इसकी सूचना सिरोही सदर पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सदर थाने के सहायक उप निरीक्षक शैतान सिंह देवड़ा दल सहित मौके पर पहुंचे पुलिस ने मौका मुआयना किया तथा परिजनों से बातचीत करने के बाद शव को नीचे उतर सिरोही सरकारी अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया। वहां मौजूद डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को सिरोही सरकारी अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया और पोस्टमॉर्टम की तैयारी शुरू की। मृतक के भाई आनंद कुमार की रिपोर्ट पर मामला दर्ज करने के साथ जांच शुरू की है। मृतक के बड़े भाई आनंद कुमार ने बताया कि उसके भाई घेवर कुमार ने आत्महत्या करने से पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल किया, जिसमें उसने उसके पत्नी और सालों के ऊपर मारपीट का आरोप लगाया था।

### पुलिस हेड कॉन्स्टेबल की सड़क हादसे में मौत

## नापासर थाने में तैनात था, वाहन ने मारी टक्कर, सीसीटीवी में दिखा हादसा

बीकानेर, 1 अक्टूबर बीकानेर के नापासर थाने में कार्यरत हेड कॉन्स्टेबल को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे गंभीर घायल हो गया। उसे पीबीएम अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान देर रात मौत हो गई। पुलिस अज्ञात वाहन को ढूंढ लिया है। उस पर मामला दर्ज करने के साथ ही गिरफ्तारी की जा रही है। नापासर थाने के हेड कॉन्स्टेबल राजेश कुमार नापासर थाने से शाम को बीकानेर शहर में स्थित अपने घर बच्चो के पास जा रहे थे। वैष्णो धाम के पास उतर कर घर जाने की तैयारी में थे, तभी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। वैष्णोधाम मंदिर के पास बेटे को मोटर साइकिल लाने का कहा। इसी दौरान नेशनल हाइवे पर कोई अज्ञात वाहन ने हेड कॉन्स्टेबल राजेश को पीछे से जबरदस्त टक्कर मारी। राजेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। राजेश के सिर में गंभीर चोट लगी। उन्हें पीबीएम में ट्रॉमा सेंटर के आईसीयू में भर्ती किया गया, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जिला पुलिस अधीक्षक कावेंद्र सिंह सागर सहित अन्य पुलिस अधिकारी इस हादसे की सूचना मिलते ही पीबीएम पहुंच गए। नापासर थानाधिकारी जसवीर ने बताया कि राजेश की हालत गंभीर थी। वहीं टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है। हेड कॉन्स्टेबल राजेश कुमार की पार्थिक देह उनके गांव झुंझुनू पहुंचाई गई। इससे पहले नापासर में रेलवे क्रासिंग के पास पार्थिव देह को दर्शन के लिए रखा गया। जहां नापासर के जनप्रतिनिधियों और दुकानदारों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मामले में पुलिस ने संदीप नामक एक युवक को हिरासत में लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने पहले बोलेरो के मालिक का पता लगाया और फिर उसे चलाने वाले को हिरासत में लिया। फिलहाल पुलिस ने अधिकृत तौर पर गिरफ्तारी नहीं बताई हे। हिरासत में लिए गए शख्स का नाम संदीप जाट है।

### रामपुरा बस्ती में चल रहा था कैसिनो

## मुक्ता प्रसाद पुलिस ने तीन मशीनों के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया

बीकानेर, 1 अक्टूबर बीकानेर के रामपुरा बस्ती में कैसिनो से जुआ खिलाने वाली एक शॉप पर पुलिस ने कार्रवाई की है। कैसिनो मशीन के साथ ही तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया है। मुक्ता प्रसाद नगर पुलिस थाने की इस कार्रवाई के बाद अब अन्य थाना क्षेत्रों में चल रहे कैसिनो पर भी कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है। पुलिस को सूचना मिली थी कि रामपुरा बस्ती मैन मार्केट में दीपक अरोड़ा अपनी दुकान में कैसिनो घर (जुआ घर) कई मशीनों पर चला रहा है। उक्त दुकान लालगढ़ रेल्वे स्टेशन के सामने गली में स्थित है। अवैध रूप से कैसिनो चला रहा है, जिस पर टीम ने दीपक अरोड़ा के ऑफिस मे दबिश दी। यहां से तीन युवकों को कैसिनों मशीन के सामने कुर्सी पर बैठे पाया। जो कैसीनों मशीन का बटन दबाकर रुपए व अंकों पर दाव लगा रहे थे। जिनके कब्जे से 3 कैसीनो मशीनें व 2700 रुपए बरामद किए गए। पुलिस ने यहां से लाला वाल्मिकी उम्र तीस साल, निवासी चौखूंटी, भागीरथ आचार्य उम्र 28 साल निवासी आचार्यों का चौक व नदीम उम्र 36 साल निवासी गली नम्बर 01 रामपुरा बस्ती को गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई में मुक्ता प्रसाद थानाधिकारी धीरेंद्र सिंह शेखावत उनकी टीम की मुख्य भूमिका रही।

### सिरोही जिला अस्पताल में कुत्तों का जमावड़ा

## डेढ़ साल पहले एक मासूम का नोचकर खा गए थे, प्रशासन फिर बेखबर

सिरोही, 1 अक्टूबर। सिरोही जिला अस्पताल में पिछले कई दिनों से कुत्तों की फौज परिसर में घूमती हुई नजर आती है। सिरोही जिला अस्पताल में पिछले कई दिनों से कुत्तों की फौज परिसर में घूमती हुई नजर आती है। प्रशासन इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है, जबकि इससे पहले अस्पताल में 28 फरवरी 2023 की रात टीबी वार्ड से एक बच्चे को कुत्ते उठाकर ले गए और मार कर खा गए थे। प्रशासन को किसी दूसरी अनहोनी का इंतजार है। यह स्थिति तो तब है जब इसी महीने सांसद, विधायक और जिला प्रशासन के अधिकारी कई बार अस्पताल का दौरा कर चुके हैं। सिरोही जिला मुख्यालय स्थित जिला अस्पताल में पिछले कई दिनों से दर्जनों कुत्तों की फौज अस्पताल परिसर में घूमती हुई नजर आ रही है, लेकिन इन्हें अस्पताल परिसर से बाहर करने की हिमाकत अस्पताल प्रशासन नहीं कर रहा है। हालत यह है कि कुत्ते जिस रास्ते से दौड़ते हैं, उसे रास्ते पर वाहनों का आवागमन तो रुक जाता है। पैदल चलने वाले भी एक तरफ हो जाते हैं। अस्पताल परिसर के अंदर इन्हें घुसने से रोकने के लिए सुरक्षा गार्ड या अन्य कोई कहीं कोई नजर नहीं आ रहा है। इतना ही नहीं सिरोही अस्पताल का दौरा सांसद, विधायक और जिला प्रशासन के कई अधिकारी कर चुके हैं। गौरतलब है कि गत 28 फरवरी 2023 की रात को टीबी वार्ड में भर्ती 29 दिन के मासूम बच्चे को कुत्ते उठा कर ले गए और अस्पताल परिसर के अंदर ही उसके टुकड़े-टुकड़े कर दिए, जिससे उसकी मौत हो गई थी। इस घटना के बाद जिला प्रशासन अस्पताल परिसर की दीवारों को ऊंचा करके मात्र खानापूर्ति कर दी। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. वीरेंद्र महात्मा ने बताया कि उन्हें इस बारे में जानकारी मिली है। उन्होंने गार्ड को पाबंद कर दिया है ताकि दोबारा कोई कुत्ता अस्पताल परिसर में नजर नहीं आए। इसके साथ ही वह नगर परिषद को भी पत्र लिख रहे हैं कि जितने भी कुत्ते हैं उन्हें यहां से हटाया जाए।

## 6.77 ग्राम हेरोइन के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

हनुमानगढ़ , 1 अक्टूबर। हनुमानगढ़ जिले की संगरिया थाना पुलिस ने 6.77 ग्राम हेरोइन बरामद कर बाइक सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों युवक गांव फतेहपुर के निवासी हैं। पुलिस एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पकड़े गए दोनों युवकों के पास से बाइक को भी पुलिस ने जब्त किया है। थाना प्रभारी एसआई तेजवन्त सिंह ने बताया कि संगरिया थाने के एसआई प्रमोद सिंह के नेतृत्व में गठित टीम इलाके में गश्त कर रही थी। गश्त के दौरान पुलिस टीम माणकसर से शेरगढ़ रोड पर रोही माणकसर में पहुंची तो बाइक पर दो व्यक्ति सवार होकर आते नजर आए। पुलिस ने बाइक सवारों की गतिविधियां संदिग्ध पाए जाने पर बाइक रुकवाकर तलाशी ली तो इनके कब्जे से 6.77 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त बाइक जब्त कर मौके से छिन्द्रपाल सिंह उर्फ काला (32) पुत्र जोगेन्द्रसिंह रायसिख निवासी वार्ड तीन, फतेहपुर और मुनीर खां (34) पुत्र सरीफ खां निवासी वार्ड 9, फतेहपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया है।

### पुजारी को मंदिर से 150 मीटर दूर ले गया लेपर्ड

## एक हाथ, गर्दन और छाती के पूरे हिस्से को खा गया, खेत में मिला शव

उदयपुर, 1 अक्टूबर उदयपुर के बड़गांव थाना इलाके की मदार पंचायत के राठौड़ों का गुड़ा गांव में लेपर्ड ने मंदिर के पुजारी का शिकार कर लिया। लेपर्ड पुजारी को मंदिर से घसीटकर सड़क के रास्ते 150 मीटर दूर मक्का के खेत में ले गया। लेपर्ड पुजारी की गर्दन, एक हाथ और छाती का हिस्सा खा गया। उदयपुर में लेपर्ड के हमले में यह सातवीं मौत है। अब लेपर्ड ने राठौड़ों का गुड़ा में मंदिर के पुजारी विष्णु पुरी (65) को मार डाला। पुजारी का शव सोमवार सुबह लोगों को क्षत-विक्षत हालत में खेत में एक बिजली के खंभे के पास पड़ा मिला।

पुजारी के भतीजे सुरेश पुरी ने बताया- मेरे ताऊ बाल ब्रह्मचारी थे। कल रात 8 बजे हम यहां से गए थे। तब सब नॉर्मल था। वे कोठरी के अंदर ही सोये थे। बाहर कुछ (बिस्तर) नहीं था। रात में वे सोने के लिए बाहर आए होंगे, तब घटना हुई। हमें सुबह 6 बजे पता लगा। यहां जगह-जगह ब्लड पड़ा था। खेत की तरफ गए तो बॉडी मिली। स्थानीय निवासी तेज सिंह ने बताया- लेपर्ड महाराज का शरीर खा गया, एक हाथ खा गया। पुलिस और वन विभाग की टीम बॉडी को गोगुंदा ले गई है। लेपर्ड मंदिर से बॉडी लेकर मग्गी (खेत) में गया। परिवार वाले सुबह आए तो महाराज मंदिर में नहीं थे। मंदिर में 65 वर्षीय पुजारी विष्णु गिरी सेवा-पूजा करते थे। बताया जा रहा है कि पुजारी मंदिर के बाहर प्लेटफार्म पर बिस्तर बिछातर सो रहे थे। देर रात लेपर्ड ने उन पर हमला किया। प्लेटफार्म से उन्हें घसीटकर 6 फीट नीचे गिराया फिर घसीटते हुए खेत और जंगल की तरफ ले गया। सुबह जब लोग मंदिर पहुंचे तो पुजारी नहीं मिले। मंदिर के आसपास खून के निशान दिखे तो अनहोनी की आशंका हुई। पुजारी की आसपास तलाश की लेकिन वे नहीं मिले। कुछ ग्रामीण पास के खेत में तलाशने पहुंचे तो शव पड़ा मिला। सड़क पर खून के धब्बे देख लोगों ने पुजारी की तलाश शुरू की। लगातार लेपर्ड के बढ़ते हमलों से ग्रामीणों में खौफ पैदा हो गया है। ग्रामीण घरों से अकेले बाहर नहीं निकल रहे। खेतों में काम करना और मवेशियों को चराना मुश्किल हो गया है। पुजारी ने शादी नही की थी। वे बाल ब्रह्मचारी थे। वे हनुमान जी मंदिर के पुजारी थे। मंदिर छोटा होने से वे रोज मंदिर के खुले परिसर में ही सोते थे। मंदिर के ठीक पास एक पानी की टंकी है। जहां सुबह करीब 6 बजे कुछ ग्रामीण पानी भरने के लिए आए तो वे मंदिर के बाहर खून के निशान देखकर हैरान रह गए। उन्हें रास्ते में भी कुछ जगह खून के निशान दिखाई दिए। पुजारी मंदिर में नही होने से उन्हें अनहोनी की आंशका हुई। उन्होंने अन्य ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। इसके बाद पुजारी की तलाश की गई।

## एटीएम लूट की योजना बनाते हिस्ट्रीशीटर समेत 6 गिरफ्तार

झुंझुनूं , 1 अक्टूबर। झुंझुनूं एटीएम लूट की योजना बनाते पकड़े गए बदमाश। भास्कर संवाददाता 7 झुंझुनूं डीएसटी व कोतवाली पुलिस ने शनिवार रात को शहर के मंड्रेला रोड स्थित अफोर्डेबल हाउसिंग मकान के पास दबिश देकर 20 हजार रुपए के इनामी हिस्ट्रीशीटर समेत छह बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपी एटीएम लूट की योजना बना रहे थे। उनके पास से एक फार्च्यूनर कार, गैस कटर समेत एटीएम काटने के उपकरण भी बरामद किए गए है। एसपी शरद चौधरी ने बताया कि आरोपी श्रीकृष्णपुरा जीत की ढाणी झुंझुनूं निवासी डेनिस उर्फ नरेश बावरिया (24), बामकाला की ढाणी तन माधोगढ़ निवासी विजय उर्फ भानू मीणा (25), नसवारी अलवर के हाफिज खान (37), बाढ़ की ढाणी तन दलेलपुरा निवासी धर्मपाल मीणा (45), (नूह) अलवर के रणवीर कोली (35) व सगराणिया की ढ़ाणी तन रामजीका गोल(बाड़मेर) निवासी मोहनलाल (23) है। डीएसटी टीम की सूचना पर डीएसपी वीरेंद्र शर्मा के सुपरविजन में कोतवाल पवन चौबे पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने वहां बैठे इन बदमाशों को पकड़ा। इनके पास से एटीएम काटने वाला गैस कटर, पेचकश, रस्सा, पाइप, सिलेंडर, व अन्य उपकरण थे। पुलिस ने इन सभी को पकड़कर उपकरण व फार्च्यूनर को जब्त कर लिया। श्रीकृष्णपुरा जीत की ढाणी निवासी डेनिश उर्फ नरेश झुंझुनूं के धनूरी थाना का हिस्ट्रीशीटर है। वह यूपी के युवक को मंड्रेला बाइपास पर हथियार दिखाकर साथियों के साथ मिलकर 15 लाख की लूट की के मामले में फरार चल रहा था।

## ठेके का शटर तोड़ ले गए शराब और कैश

झुंझुनूं, 1 अक्टूबर। झुंझुनूं में शराब की दुकान का शटर व जाल तोड़कर चोरी करने का मामला सामने आया है। अज्ञात व्यक्ति दुकान से शराब और नगदी चुरा ले गए। मामला झुंझुनूं के गुढ़ागौड़जी थाने इलाके सिंगनौर गांव का है। इस संबंध में शराब की दुकान के मालिक सुनील कुमार गोदारा पुत्र रामप्रताप सिंह निवासी गोदारा का बास तन सिंगनौर ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें बताया कि उसकी सिंगनौर गांव में शराब की दुकान है। 28 सितंबर रात को सेल्समैन के जाने के बाद दुकान को बंद कर घर आ गया था। अगले दिन जब दुकान पर गए तो शटर टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर संभाला तो दुकान में रखी शराब व गल्ले में रखी नगदी गायब थी। हमारे जाने के बाद देर रात को अज्ञात चोर ने दुकान में घुसकर चोरी की है। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल का मौका मुआयना किया है। जांच कर रहे हैं। चोरों की तलाश की जा रही है।

## धमाके से दहला लूणकरनसर किसान के खेत में मिला था बम

### सेना की टीम ने पहुंचकर किया डिफ्यूज

बीकानेर, 1 अक्टूबर बीकानेर के लूणकरनसर कस्बे में सोमवार सुबह अचानक तेज धमाका हुआ। हर कोई इस धमाके को लेकर डरा हुआ था। दरअसल, ये धमाका सेना की एक टीम ने वन विभाग की नर्सरी में किया था। बम पिछले दिनों एक किसान के खेत में मिला था, जिसे अब डिफ्यूज किया गया है। लूणकरणसर कस्बे की वन विभाग की नर्सरी में भारतीय सेना के बम निरोधक दस्ते ने एक बम को डिफ्यूज किया। सभी बम को वायर के साथ जोड़कर रिमोट के माध्यम से डिफ्यूज किया गया। इस दौरान तेज धमाके हुए जो दूर-दूर तक सुनाई दिए। बम के निस्तारण के दौरान भारतीय सेना के जवान, लूणकरणसर थाना की टीम के साथ थाना प्रभारी गणेश कुमार विश्नोई मौजूद रहे। थानाधिकारी गणेश कुमार विश्नोई ने बताया कि करीब दो महीने पहले मलकीसर की रोही के एक किसान को बम दिखाई दिएं।उन्होंने पुलिस को सूचना दी तो पुलिस ने सर्च ऑपरेशन में जीवित बम मिला था। उसको लूणकरणसर पुलिस की सुरक्षा में रखा गया था, ताकि कोई हादसा ना हो। करीब दो महीने के बाद 24 इन्फैन्ट्री डिवीजन के मेजर अमित मुंढे के नेतृत्व में भारतीय सेना का बम निरोधक दस्ता बीकानेर से सोमवार को लूणकरणसर पहुंचा और बम का निस्तारण किया। भारतीय सेना के बम निरोधक दस्ते ने लूणकरणसर की वन विभाग की नर्सरी एक गड्ढे में डाला। इसके बाद बम को वायर की मदद से रिमोट से जोड़ा। इसके बाद एक तेज धमाके के साथ उड़ाया गया। इस दौरान धमाक से ग्रामीण सहमे, मगर बम के निस्तारण होने के बाद सभी ने राहत की सांस ली। सेना के मुताबिक यह एक घातक विस्फोटक वस्तु थी, जिससे संपत्ति और मानव जीवन को भी नुकसान हो सकता था। 24 इन्फैन्ट्री डिवीजन के मेजर अमित मुंधे ने लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इसे सुरक्षित क्षेत्र में पहुंचाया। पुलिस कर्मियों ने सुरक्षा के लिए क्षेत्र की घेराबंदी की। विस्फोट के बाद सेना की टीम द्वारा विस्फोट स्थल को साफ किया।

## दुकान के गल्ले से नगदी चुराने वाला गिरफ्तार

झुंझुनू, 1 अक्टूबर। झुंझुनूं के मंडावा में फव्वारा सेट की दुकान से 26 सिंतबर को चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। दुकान के गल्ले से आरोपी 1 लाख 95 हजार रुपए कैश चुराकर भाग गया था। मंडावा थाना इंचार्ज रामपाल ने बताया- आरोपी संजीव दुलड़(19) पुत्र भूपेन्द्र निवासी वाहिदपुरा (मंडावा) को गिरफ्तार किया गया है। 26 सितंबर को सातड़ा (चूरू) निवासी रतिराम पुत्र हरलाल ने रिपोर्ट दे थी। इसमें रतिराम ने बताया था कि मंडावा कस्बे में किसान धर्म कांटे के पास उसकी सनमुख बालाजी इन्टरप्राइजेज के नाम से फव्वारा पाइप की दुकान है। 25 सितंबर को दोपहर 12:30 बजे वह दुकान के पास बने नोहरे में गया था। लौटकर देखा तो गल्ले में रखे 1 लाख 95 हजार रुपए नगद गायब थे। इसके बाद आस-पास में पड़ोसियों से पूछा। कुछ पता नहीं चला। पास की दुकान में लगे सीसीटीवी चेक किए तो एक संदिग्ध व्यक्ति दुकान में घुसकर बाहर निकलते हुए दिखाई दिया। रिपोर्ट के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू की, सीसीटीवी फुटेज खंगाले। आरोपी को डिटेन कर पूछताछ की तो उसने चोरी करना कबूल कर लिया। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## करंट से झुलसने से किसान की मौत पशुओं को लेकर जा रहा था खेत

चूरू, 1 अक्टूबर। चूरू के सदर थाना इलाके के खांसोली गांव में सोमवार को बिजली पोल पर करंट की चपेट में आने से किसान की मौत हो गई। परिजन गंभीर हालत में युवक को डीबी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलने पर अस्पताल चौकी पुलिस वार्ड में पहुंची। जहां पुलिस ने शव को मॉर्चुरी में रखवाया। दोपहर को शव का पोस्टमॉर्टम कर परिजनों को सौंप दिया। सदर थाना अधिकारी बलवंत सिंह ने बताया कि खांसोली निवासी अनिल कुमार ने रिपोर्ट दी कि उसका भाई सुनील कुमार (26) सोमवार सुबह पशुओं को लेकर खेत जा रहा था। तभी गांव के पास लगे लोहे के बिजली के पोल में दौड़ रहे करंट की चपेट में आ गया। ग्रामीण और परिजन उसे चूरू के डीबी अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद सदर थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और मृतक के शव को अस्पताल की मॉर्चुरी में रखवाया। पुलिस ने मृतक का पोस्टमॉर्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है।

### अजमेर निगम जेइएन और पार्षद पर मिलीभगत का आरोप

## वैश्य समाज ने एसपी कार्यालय पर प्रदर्शन किया, कार्रवाई की मांग की

अजमेर, 1 अक्टूबर। वैश्य समाज की ओर से सोमवार को एसपी कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया। समाज के प्रतिनिधियों ने प्रदर्शन कर अजमेर एसपी को ज्ञापन देकर भाजपा से निष्कासित पार्षद और उनके बेटे के खिलाफ दर्ज मुकदमे में गिरफ्तार करने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। वैश्य समाज के प्रतिनिधि दिनेश खंडेलवाल ने बताया कि समाज के एक प्रतिनिधि की जमीन पर भूमाफिया के द्वारा अतिक्रमण करने की कोशिश की जा रही थी। जिसकी सूचना पर वह मौके पर पहुंचे तो वहां नगर निगम की छ्श्वह्र जेसीबी के जरिए दीवार तोड़ रही थी। 2014 में यह दीवार निर्माण करवाया गया था। लेकिन स्थानीय पार्षद के द्वारा इस जमीन पर नजर लगा रखी है। पीड़ित से 50 लाख रुपए की डिमांड की जा रही है। मना करने पर जबरदस्ती कर परेशान किया गया। बाद में उनके साथ हाथापाई कर जान से मारने की कोशिश की गई। इस दौरान निगम के कर्मचारी भी शामिल थे। बाद में समाज के प्रतिनिधि के खिलाफ झूठी एफआईआर दर्ज करवाई गई। शनिवार के दिन छुट्टी के दिन निगम अधिकारी के द्वारा मिली भगत कर दबाव बनाने का काम किया गया। वैश्य समाज के द्वारा इसका विरोध जताया गया है। अजमेर एसपी को ज्ञापन देकर मामले में निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। पीड़ित दिनेश खंडेलवाल के द्वारा भी मामले में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। जिसमें उसने बताया कि उसके पिता शंकर खंडेलवाल ने 1973 में लायंस क्लब के पीछे जमीन खरीदी थी। उनके निधन के बाद पुत्र दिनेश व आशीष का इस जमीन स्वामित्व है। पार्षद वीरेंद्र वालिया उसे लंबे समय से धमका रहा है की जमीन बैच फिर 50 लाख रुपए दो, वरना यहां पर रखना नहीं दूंगा। दिनेश ने आरोप लगाया की वालिया ने नगर निगम अधिकारी से मिली भगत कर जमीन पर बनी बाउंड्री वॉल तुड़वा दी। वालिया द्वारा नाले की जमीन पर कब्जा करने की शिकायत कई बार की गई।

## खाना खाने के बाद सरकारी टीचर की हालत बिगड़ी

बाड़मेर, 1 अक्टूबर। सरकारी स्कूल की महिला टीचर की तबीयत रविवार रात अचानक बिगड़ गई। खाना खाकर वह पति के साथ मोबाइल देख रही थी। अचानक उसे हिचकियां आने लगीं। पति हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना बाड़मेर शहर के नेहरू नगर इलाके की है। जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। टीचर के शव को हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया गया है। पुलिस रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई कर रही है।

महिला टीचर 5 साल से मेघवालों की बस्ती, आगौर बाड़मेर स्कूल में कार्यरत थीं। पुलिस के अनुसार धौलपुर जिला निवासी प्रियंका शर्मा (32) पत्नी योगेंद्र कुमार गवर्नमेंट उच्च माध्यमिक स्कूल मेघवालों की बस्ती स्कूल में टीचर थीं। बाड़मेर शहर के नेहरू नगर जीआरपी थाने के पास गली में वे पति और सास के साथ किराए के मकान में रह रही थीं। रविवार रात को खाना खाने के बाद परिवार के लोग आपस में बातचीत कर रहे थे। साथ में मोबाइल देख रहे थे। अचानक प्रियंका को हिचकियां आने लगीं और तबीयत बिगड़ गई। पति योगेंद्र प्रियंका को बाड़मेर हॉस्पिटल लेकर आए। वहां पर इलाज के दौरान प्रियंका ने दम तोड़ दिया। एसडीएम वीरमाराम ने बताया- सरकारी टीचर की मौत होने की सूचना मिली थी। उनके शव को हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी रखवाया। आज परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा। फिलहाल कोतवाली पुलिस पूरे मामले की जांच की जा रही है। मौत कैसे हुई इसकी मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा। महिला के परिजनों ने बताया- टीचर प्रियंका शर्मा की शादी 3 साल पहले हुई थी। बाड़मेर में बीते पांच साल से वे पोस्टेड थीं। गर्मी की छुट्टियों के बाद से वे बाड़मेर में ही रह रही थीं। उनके पति रीट एग्जाम की तैयारी कर रहे हैं।

## सीवरेज के पानी से परेशानी सोसायटी नगर में महिलाएं खुद सफाई कर रही

पाली, 1 अक्टूबर। पाली के सोसायटी नगर में घर के आगे भरा सीवरेज का गंदा पानी साफ करती महिलाएं। पाली में ओवरफ्लो हो रहे सीवरेज टैंक शहर वासियों के लिए परेशानी बन चुके हैं। सोसायटी नगर में सीवरेज टैंक का पानी लोगों के घरों के आगे भर रहा है। नगर निगम में कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। सोमवार सुबह परेशान महिलाएं घर के आगे भरा गंदा पानी खुद साफ करती नजर आईं। ताकि उनके बच्चे और वे बीमार न पड़ें। पाली शहर के वार्ड संख्या 55-56 के बीच स्थित सोसायटी नगर में लोग सीवरेज टैंक के ओवरफ्लो होने से परेशान हैं। क्षेत्र की अयोध्या देवी और रेखा देवी का कहना है कि कई बार शिकायत के बाद भी समाधान नहीं हुआ। तब खुद पानी साफ कर रहे हैं। पानी से बदबू फैली रहती है। क्षेत्र के गंगाराम भाटी, कोजाराम मेघवाल ने बताया- नगर निगम में कई बार शिकायत की लेकिन समाधान नहीं हुआ। हम शिकायत कर करके परेशान हो चुके हैं। सोमवार सुबह क्षेत्रवासियों ने रोष जताया। इस दौरान कैलाश बंजारा, शंकर बंजारा, बाबू लाल परिहार, जगदीश मेघवाल आदि मौजूद रहे। मामले में पार्षद मुकेश गोस्वामी में बताया- मेरे वार्ड क्षेत्र की सीवरेज समस्या को लेकर कई बार नगर निगम में शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं होती। यह मुद्दा कई बार यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा के सामने भी उठा चुके हैं।

## सार समाचार

### पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत का रेवाड़ी पहुंचने पर स्वागत



**कोटकासिम, 1 अक्टूबर ( निसं )।** सोमवार को राजस्थान कांग्रेस के सह प्रभारी व पड़ौसी राज्य हरियाणा की रेवाड़ी विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी चिरंजीव राव के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने के लिए रेवाड़ी पहुंचे राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का कोटकासिम प्रधान डॉ. विनोद कुमारी सांगवान ने स्वागत किया।

इस दौरान हरियाणा चुनाव के सीनियर ऑब्जवर अशोक गहलोत ने प्रधान डॉ. विनोद कुमारी से चुनावों का फीडबैक लिया। गौरतलब है कई दिनों से प्रधान विनोद कुमारी सांगवान हरियाणा की कई सीटों पर चुनावी प्रचार कर रही है।

### समाज कल्याण सप्ताह में कई कार्यक्रम होंगे

**कोटपूतली-बहरोड़, 1 अक्टूबर ( निसं )।** जिला कलक्टर के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 01 अक्टूबर से 07 अक्टूबर 2024 तक समाज कल्याण सप्ताह सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

समाज कल्याण विभाग के सहायक निदेशक रमेश दहमीवाल ने बताया कि 01 अक्टूबर 2024 अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस, 02 अक्टूबर अनुसूचित जातियों का कल्याण दिवस, 03 अक्टूबर, अपराधी सुधार दिवस, 04 अक्टूबर बाल दिवस, 05 अक्टूबर महिला एवं बालिका कल्याण दिवस, 06 अक्टूबर जनचेतना दिवस, 07 अक्टूबर विशेष योग्यजन कल्याण दिवस एवं समाज कल्याण सप्ताह का समापन कार्यक्रम वर्णित कार्यक्रम में स्वयंसेवी संस्थाओं एवं स्थानीय निकायों के सहयोग से अधिक प्रभावी तरीके से क्रियान्वित किया जावे ताकि ज्यादा से ज्यादा आमजन इस सप्ताह से जुड़े।

विधिक सेवा प्राधिकरण, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, उद्योग एव श्रम विभाग, स्थानिय स्वयंसेवी संगठनों, दानदाताओं आदि की सहभागिता से आयोजित होगा।

**खैरथल :** जिला कलक्टर किशोर कुमार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 01 अक्टूबर से 07 अक्टूबर तक समाज कल्याण सप्ताह सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी समाज कल्याण विभाग के सहायक निदेशक महेंद्र कुमार ने दी।

### वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना की निकाली लॉटरी

**खैरथल, 1 अक्टूबर ( निसं )।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार द्वारा सोमवार को जिला सचिवालय खैरथल तिजारा में देवस्थान विभाग द्वारा चलाई जा रही वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2024 के तहत बटन दबाकर तीर्थ यात्रियों की लॉटरी निकाली गई।

जिला कलेक्टर ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना 2024 के तहत खैरथल तिजारा जिले से कुल 753 लोगों ने आवेदन किया जिसमें से 506 तीर्थ यात्रियों का लॉटरी के माध्यम से चयन किया गया। उन्होंने बताया कि खैरथल तिजारा के 84 वरिष्ठ नागरिक हवाई जहाज एवं 422 वरिष्ठ नागरिक रेलगाड़ी के माध्यम से तीर्थ यात्रा पर जाने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि देवस्थान विभाग द्वारा आगे का शेड्यूल समय-समय पर वेबसाइट पर जारी किया जाएगा।

### पुत्र ने किए अपने पिता के नेत्रदान

**अलवर, 1 अक्टूबर ( निसं )।** स्कीम नंबर 2 निवासी आत्मप्रकाश गंडा (मनोज मेडिकल स्टोर अलवर) के आकस्मिक निधन के उपरान्त उनके नेत्रदान कर दिए गए।



नारायण सेवा संस्थान के शाखा अध्यक्ष आर.एस.वर्मा ने बताया कि उनके पुत्र मनोज कुमार गंडा ने अपने पिता के नेत्रदान के लिए पंजाबी वेलफेयर सोसायटी को फोन किया। उनकी सूचना पर डा. श्रॉफ हॉस्पिटल आई डोनेशन सेंटर को फोन करके सूचित किया।

डा. श्रॉफ हॉस्पिटल आई डोनेशन सेंटर की डॉक्टरों की टीम ने उनके निवास पर पहुंच कर परिवार की सहमति के बाद आई डोनेशन की प्रक्रिया को पूरा किया। मनोज कुमार गंडा ने अपने पिता की अंतिम इच्छा अनुसार उनके 'नेत्रदान' कर बहुत पुण्य का काम किया है।

### फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**नीमराना, 1 अक्टूबर ( निसं )।** स्थानीय थाना पुलिस ने स्थाई वारंटी धरपकड़ अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए आर्म्स एक्ट में फरार स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है।

अभियान के तहत नीमराना थाना अधिकारी महेन्द्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने आर्म्स एक्ट में फरार स्थाई वारंटी जसवीर पुत्र दिलेर सिंह भाट सिख निवासी नारायणी कोलोनी थाना खैरथल को गिरफ्तार किया है।

### सेवानिवृति पर कार्यक्रम



**मुंडावर, 1 अक्टूबर ( निसं )।** मुंडावर क्षेत्र के ग्राम उलाहेड़ी की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के अध्यापक फतेहसिंह चौधरी का सेवानिवृत होने पर सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में उन्हें विदाई दी गई।

विदाई कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ में उन्हें सूटकेस व धार्मिक ग्रंथ उपहार स्वरूप भेंट किया।

इधर सेवानिवृत्त होने पर फतेह सिंह ने भी स्कूल को एक प्रिंटर भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक शैतान यादव द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक व समस्त स्टाफ सहित ग्रामीण ईश्वर चौधरी, उदयभान सिंघल, डॉ जगदीश चौधरी आदि उपस्थित रहे।

### नि:शुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर कल

**बहरोड़, 1 अक्टूबर ( निसं )।** श्री प्रभू विद्या चैरीटेबल ट्रस्ट, गुप्ता नर्सिंग होम बहरोड़ एवं महावर वैश्य समाज के सहयोग से श्री महावर भवन, पुराना बस स्टैण्ड, गुप्ता नर्सिंग होम के पीछे बहरोड़ में 2 अक्टूबर को प्रात: 9 बजे से 2 बजे तक नि:शुल्क नेत्र जांच एवं ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. भारत भूषण गुप्ता द्वारा जॉच की जायेगी। चयनित मरीजों के आंखों का मोतियाबिंद का ओपरेशन नि:शुल्क किया जायेगा।

### मोटरसाईकिल चोर गिरफ्तार

**बहरोड़, 1 अक्टूबर ( निसं )।** कोतवाली पुलिस ने मोटरसाईकिल चोरों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 25 सितंबर को एसबीआई बैंक के पास लाईब्रेरी से हुई मोटरसाईकिल चोरी की घटना में आरोपी योगेश कुमार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई मोटरसाईकिल को बरामद किया।

थाना अधिकारी महेश तिवाड़ी ने बताया कि कमलेश कुमार पुत्र हरलाल निवासी हमींदपुर ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि 25 सितम्बर को मेरी पुत्रवधू संगीता सुबह 10 बजे मोटरसाईकिल लेकर एसबीआई बैंक के पास लाईब्रेरी में आई थी। मोटरसाईकिल को लाईब्रेरी के बाहर खड़ी करके अंदर चली गई। शाम 5 बजे देखा तो मोटरसाईकिल वहॉ नहीं मिली।

लोगों से जानकारी मिली कि एक अज्ञात व्यक्ति मोटरसाईकिल चुरा ले गया। हल्ला मचाया गया तो लोगों ने उक्त व्यक्ति योगेश कुमार पुत्र मदनलाल मेघवाल निवासी निवासी जैनपुरवास को पंकज ऐंजेसीज के सामने मोटरसाईकिल सहित पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। जिसे पुलिस ने अनुसंधान के बाद गिरफ्तार कर लिया।

# भाकपा ने महापौर को दिखाया आईना

**अलवर, 1 अक्टूबर ( नसं )।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी शहर कमेटी अलवर ने बयान जारी कर अलवर शहरवासियों को पट्टे जारी नहीं करने मे नगर परिषद के सभापति एवं नगर निगम के महापौर की मुख्य भूमिका पर आरोप लगाया है।

विज्ञिप्त में बताया कि गत कांग्रेस सरकार द्वारा नवम्बर 2021से प्रशासन शहरों के संग अभियान के दौरान शहर वासियों को पट्टे देने का अभियान मे आमजन ने सकारात्मक सहयोग कर पट्टों के भारी मात्रा में आवेदन किए गए। परन्तु जिस विश्वास के साथ आवेदन किए गए नगर परिषद/निगम अलवर आमजन के विश्वास पर खरा नहीं उतरा, शहरवासी कभी तहसील में पटवारी के चक्कर लगाते कभी नगर परिषद परन्तु कहीं से भी संतोषजनक जवाब नहीं मिलता।

अधिकांश लोगों को छह-सात माह चक्कर काटते हो गए तो उन्होंने सिफारिशें भी कराई गई, उसके बाद भी परिणाम शून्य ही रहा, अधिकांश फाईलों सहित पट्टों पर आयुक्त के हस्ताक्षर होने बाद भी सभापति के हस्ताक्षर नहीं होने के कारण पट्टे आज तक जारी नहीं हो सके।

इसी प्रकार लगभग 40 फाईलों की जांच चार सदस्यों की टीम से जांच कराने के पश्चात भी उनके पट्टे जारी नहीं किए गए, जिन फाईलों के पट्टे जारी किए गए है। उन पर महापौर हस्ताक्षर करने से पहले स्वयं अधिकारियों के साथ मौका निरीक्षण कर आते तभी हस्ताक्षर होते थे।

वर्तमान सरकार द्वारा इस अभियान को समाप्त नहीं किया गया हैं, बल्कि महापौर, सभापति एवं चेयरमैन की पट्टो की फाईल रोकने की शिकायत मिलने पर उन पर प्रत्येक फाईल को पंद्रह दिन मे निकाल के निर्देश दिए हैं। अन्यथा स्थानीय निकाय के उपनिदेशक (क्षेत्रीय)से हस्ताक्षर करवा कर पट्टे जारी किए जा सकेंगे।

इस प्रकार के आदेश से यह स्पष्ट है कि महापौर ,सभापति एवं चेयरमैन अपनी जिम्मेदारी नहीं निभा पा रहे है। जिनको जनता की समस्याओं का समाधान करना चाहिए वो ही जनता को परेशान कर रहे है।

सरकार की ओर से अभियान जारी है, जिले खैरथल नगर परिषद एवं रामगढ़ की नई नगर पालिका इस अभियान को जारी रखे हैं यानि पट्टे देने की प्रक्रिया जारी है। परन्तु अलवर नगर निगम द्वारा गत एक वर्ष से पट्टों का कार्य बंद हैं।

अब शहर की सरकार को पट्टे जारी करने में क्या परेशानी हैं। अब प्रदेश में सरकार आपकी हैं ।केन्द्र मे आपकी है, यानि अलवर मे तीन इंजनों की सरकार हैं। इतना ही नहीं जनता से 2024 से पहले विधायक और सासंद दिए, अब उन्हें प्रदेश सरकार मे शहर विधायक को मंत्री एवं सासंद को केन्द्र में मंत्री अलवर की जनता ने बनवा दिया उसके पश्चात भी शहर की जनता परेशानी झेल रही हैं।

शहर की जनता बड़ी ही भोली भाली हैं, जब चुनाव आते तो अपने पांच साल के धक्के, पानी की समस्या, सफाई, आवारा पशु, रोडलाईटे, सीवरेज सहित मंहगाई, बेरोजगारी, जीएसटी सहित सभी गंभीर समस्याओं को भूल जाते है, पुन: फिर उन्हें सत्ता सोप देते है।अब बडे चुनाव तो नहीं है परंतु नगर निगम चुनाव में जनता अपनी समझ समस्याओं को ध्यान में रखकर बदलाव अवश्य करेगी।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी शहर कमेटी निदेशक, स्वायत्त शासन विभाग को पत्र लिखकर मांग करेगी कि पट्टो पर हस्ताक्षर करने के लिए उपनिदेशक स्थानीय निकाय विभाग को अधिकृत किया है उससे सरकार योजना को सफल होने पर संशय है क्योंकि उपनिदेशक का मुख्यालय जयपुर हैं, फाईलें जयपुर भेजी जायेगी, उनका कार्य क्षेत्र भी बडा होने के कारण समय पर फाईलों का निकलना सम्भव नहीं है।

इस लिए पूर्व के आदेश यदि महापौर सभापति पट्टे से जुड़ी पत्रावली पर 15 दिन मे हस्ताक्षर नही करते है तो उनकी डीम्ड अनुमति मानी जावेगी। ऐसे मे निकाय आयुक्त या अधिशासी अधिकारी अपने स्तर पर ही पट्टा जारी कर सकेंगे।इन आदेशों से पट्टो का कार्य स्थानीय स्तर पर निपट सकते हैं। जिससे जनता को भी लाभ शीर्ष मिल सकेगा। किसी फाईल पर आपत्ति है तो उसे भी स्थानीय स्तर पर आवेदक से दुरस्त कराए जा सकेंगे।

## बाजरे की एमएसपी पर खरीद के लिए ज्ञापन

**अलवर, 1 अक्टूबर ( नसं )।** मरुधरा किसान यूनियन द्वारा प्रदेश अध्यक्ष दीपक बालियान के निर्देश पर प्रदेश महासचिव जगन्नाथ गोयल व प्रदेश सचिव रघुवीर सैनी के नेतृत्व में अलवर मिनी सचिवालय में अलवर सिटी एसडीएम प्रतीक द्विवेदी को बाजरे की खरीद को लेकर अलवर जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह द्वारा ज्ञापन सौंपा। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बालियान ने सरकार पर सवाल उठाए हुए कहा है कि मंडियो में बाजरे की फसल आनी शुरू हो गई, सरकार का कहना है की किसानों का पूरा बाजरा एमएसपी पर खरीदा जाएगा।



खरीफ मार्केटिंग 2023-24 के लिए सरकार ने बाजरा का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2625/- रुपये प्रति क्विंटल तय किया है, लेकिन एमएसपी पर खरीद तो दूर एमएसपी पर सरकारी खरीद के लिए होने वाले रजिस्ट्रेशन का पोर्टल ही बंद है, ऐसे में किसान अपनी फसल मंडियों में ले जा रहा है जहाँ किसान की फसल 2000 से 2300 रुपए प्रति क्विंटल बिक रही है जिससे किसान को प्रति क्विंटल 400 से 500/- रुपये तक का नुकसान उठाना पड़ रहा है क्योंकि अभी तक सरकार ने बाजरा की सरकारी खरीद के इंतजाम नहीं किए हैं। इस संबंध में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को एक ज्ञापन देकर बाजरा की खरीद का पोर्टल शुरू कर जल्द खरीद शुरू करवाने की अपील की है, ताकि किसानों को नुकसान न हो।

यूनियन के प्रदेश सचिव रघुवीर सैनी ने कहा कि प्रदेश में बाजरे की फसल पक कर तैयार है। अलवर खेरली की मंडियों में बाजरे की फसल आनी भी शुरू हो गई है। ऐसे में अगर सरकारी खरीद नहीं होगी तो व्यापारी किसानों की मजबूरी का फायदा उठाएंगे और दाम बहुत कम देंगे। आरोप है कि अब तक मंडियों में बाजरा की सरकारी खरीद के इंतजाम नहीं हुए है।

ज्ञापन देने वालो में इस दौरान मरुधरा किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव जगन्नाथ गोयल, प्रदेश सचिव रघुवीर सैनी, प्रदेश सलाहकार श्यामलाल जाजौरिया, अलवर जिला अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौधरी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष निर्मला शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी जितेंद्र यादव मौजूद रहे ।

### बेरबास में आइटीबीपी में पासिंग आउट परेड

**अलवर, 1 अक्टूबर ( नसं )।** रामगढ़ उपखंड क्षेत्र के बेरबास स्थित भारतीय तिब्बत सीमा पुलिस बल ट्रेनिंग सेंटर पर सोमवार को भव्य दीक्षांत एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन हुआ।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मृत्युंजय कुमार, महानिरीक्षक, महानिदेशालय, भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल, नई दिल्ली थे। कार्यक्रम में सिविल प्रशासन, आर्मी, पैरामिलिट्री फोर्स के अधिकारी, विशिष्ट व्यक्ति, स्थानीय सरपंच और बल के कर्मियों के परिवारजन भी उपस्थित रहे।

ओपी यादव, उपमहानिरीक्षक, सेंट्रल ट्रेनिंग कॉलेज, अलवर ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया और परेड की कमान उप निरीक्षक सचिन शर्मा ने संभाली। इसके पश्चात मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण किया और प्रशिक्षणार्थियों को देश सेवा एवं कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई।

इस अवसर पर प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेताओं को ट्राफियां देकर सम्मानित किया गया और सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण पूरा करने पर बधाई दी गई। परेड में 11 महिला अधीनस्थ अधिकारियों ने भी भाग लिया और उन्होंने प्रशिक्षण के हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर महिला सशक्तिकरण का उदाहरण पेश किया।

### दो साल के बेटे के साथ मां ने लगाया फंदा

**कोटकासिम, 1 अक्टूबर ( निसं )।** एक विवाहिता ने अपने 2 साल के बेटे के साथ फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। 5 साल पहले महिला की शादी हुई थी। मामला खैरथल तिजारा जिले कोटकासिम थाना क्षेत्र का है। जहां बघाना गांव में अज्ञात कारणों से महिला ने फंदा लगा लिया।

थाना अधिकारी नंदलाल जांगिड़ ने बताया कि रविवार रात करीब 1 बजे सूचना मिली कि कोटकासिम से 5 किलोमीटर दूर बघाना गांव में ममता (25) पत्नी अमित ने अपने दो साल के बेटे लव्यांश के साथ फंदा लगाकर सुसाइड कर ली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस शवों को नीचे उतारा और कोटकासिम अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया। इसके बाद हरियाणा के बावल जिले के पनवाड़ गांव में महिला के पीहर पक्ष को सूचना दी गई। महिला के देवर रविंद्र ने बताया कि उसकी भाभी ममता और भतीजा लव्यांश रविवार रात 8 बजे से घर में नहीं दिखे। इसके बाद परिजनों ने मिलकर उनकी तलाश शुरू की। रात 1 बजे वह अपने घर के पीछे बने तूडे के छप्पर में गया तो उसे भाभी और भतीजा दोनों फंदे से लटके मिले। जिस पर फौरन कोटकासिम पुलिस को सूचना दी।

## तिरूपति प्रसादम घटना से आस्था पर गहरा आघात

**खैरथल, 1 अक्टूबर ( निसं )।** हाल ही में घटित तिरूपति प्रसादम घटना ने सनातन धर्मावलम्बियों की आस्थाओं को गहरी चोट पहुंचाई है। विप्र फाउंडेशन, खैरथल तिजारा ने इस घटना को एक सोची-समझी साजिश के रूप में देखा है, जो सनातन धर्म के अनुयायियों की भावनाओं को आहत करती है। देश भर में इस घटना को लेकर व्यापक दुख और रोष का माहौल है, विशेषकर उन समाजों में जो सनातन धर्म के प्रति निष्ठावान हैं।



विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष भूदेव शर्मा के नेतृत्व में एक ज्ञापन जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई है कि सभी अधिग्रहित मंदिरों की सम्पूर्ण व्यवस्थाएं आस्थावान सनातन धर्मावलम्बियों को सौंपी जाएं।

इसके लिए 'सनातन संरक्षण बोर्ड' के गठन की भी मांग उठाई गई है, ताकि ऐसे कुकृत्यों से भारतीय संस्कृति, अध्यात्म और सनातन धर्म की भावनाओं का संरक्षण किया जा सके।

विप्र फाउंडेशन का मानना है कि यह घटना सिर्फ एक धार्मिक आस्था पर आघात नहीं है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति पर एक विनाशकारी हमला है। संगठन के जिला महामंत्री संजय कौशिक ने बताया कि इस ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने सरकार से ठोस एवं स्थायी कदम उठाने की अपील की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और सनातन धर्म की रक्षा हो सके।

संपूर्ण सनातन समाज ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए सरकार से शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा की है। ज्ञापन में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो पूरे देश में आक्रोश और बढ़ सकता है। विप्र फाउंडेशन ने यह भी कहा कि सरकार को तुरंत 'सनातन संरक्षण बोर्ड' का गठन कर मंदिरों की स्वायत्तता सुनिश्चित करनी चाहिए ताकि आस्थावान सनातनी धर्मावलम्बी ही उनकी देखरेख और प्रबंधन कर सकें। इस पूर्व किशनगढ़बास उपखण्ड अधिकारी मनीष कुमार जाटव को भी ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन देने के दौरान जिलाध्यक्ष भूदेव शर्मा, हेमचंद्र कौशिक, संजय कौशिक, एडवोकेट अमित गौड़, महेंद्र शर्मा, मंगतूराम शर्मा, मनोज व्यास, जगदीश शर्मा, जयभगवान शर्मा, बिशम्बर पांडे, बाबूलाल शर्मा, अनूप कौशिक सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## करणी माता मेले की तैयारियों का जायजा

**अलवर, 1 अक्टूबर ( निसं )।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने प्रताप बंध से करणी माता मंदिर तक के रास्ते का निरीक्षण कर अधिकारियों को निर्देश दिये कि करणी माता मेले से पूर्व रास्ते की सुरक्षा दीवार व सडक की मरम्मत आदि कार्य पूर्ण कर लेवे। साथ ही यह सुनिश्चित करें कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होवे।



मंत्री शर्मा ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि 3 से 11 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले करणी माता मेले से पूर्व रास्ते की मरम्मत व अन्य सभी व्यवस्थाएं पूर्ण करें ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होवे।

उन्होंने निर्देश दिये कि वन नाका से मन्दिर तक के रास्ते में सड़क के दोनों ओर हो रहे गड्ढों को मेले से भरवाना सुनिश्चित किया जाये तथा क्षतिग्रस्त दीवारों के पास मजबूत बैरिकेटिंग करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि चक्रधारी हनुमानजी के पास से करणी माता मंदिर तक जाने वाला पैदल रास्ते को सप्तमी, अष्टमी एवं नवमी के दिन सांय 5 बजे तक श्रद्धालुओं के आवागमन हेतु खोले। उन्होंने निर्देश दिये कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए।

उन्होंने सड़क के प्रत्येक मोड़ पर चमकने वाले लाल रंग के संकेतक लगवाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला परिवहन अधिकारी को निर्देश दिए कि मेले में वृद्ध, असहाय एवं दिव्यांग लोगों को लाने व जे जाने के लिए एक अलवर वाहिनी की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मेले के दौरान यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करें ताकि रोड जाम आदि नहीं होवे।

### दुर्घटना में बाइक सवार की मौत

**कोटकासिम, 1 अक्टूबर ( निसं )।** गत रात्री को कोटकासिम-किशनगढ़बास मुख्य सडक मार्ग पर नाईवाले पुलिये के पास बाइक चालक राजेन्द्र पुत्र महावीर निवासी मुंडावर की अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

घटना के बाद सूचना मिलने पर कोटकासिम थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायल को कोटकासिम के राजकीय अस्पताल में लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### घटिया सड़क निर्माण बताकर किया प्रदर्शन

**अलवर, 1 अक्टूबर ( नसं )।** शहर में नरूका कॉलोनी बस स्टैंड रोड पर बन रहे नए रोड को आमजन ने गुणवत्ता के आधार पर घटिया व संकरा बताते हुए विरोध जताया है। इस रोड से रोजाना 500 से अधिक बसें निकलेंगी। लेकिन, रोड की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया। न आसपास रहने वालों की सुरक्षा को ध्यान में रखा है। इस कारण आमजन ने विरोध जताया है।

यहां के निवासी देवेंद्र सिंह ने बताया कि मुख्य बस स्टैंड रोड पर नरूका कॉलोनी हैं। इस रोड से रोजाना 500 से अधिक बसों के चक्कर लगते हैं। बसें भी स्पीड से निकलती हैं। अब नया रोड संकरा कर दिया गया। दूसरा रोड घटिया बन रहा है। अब डामर रोड एक समान नहीं है। जहां पहले ऊंचा था वहां और अधिक ऊंचा हो गया। कुछ जगहों पर रोड की थिकनेस बहुत कम है। यह रोड बहुत जल्दी टूट जाएगा।

यहां के निवासी राजेंद्र सिंह ने कहा कि मुख्य रोड पर बसें स्पीड से चलती हैं। पहले भी 4 जनों की मौत हो चुकी है। अब रोड बनाते समय स्पीड ब्रेकर बनाने पर पूरा ध्यान देने की जरूरत है। ये काम चलाऊ स्पीड ब्रेकर बनाने में लगे हैं। जिससे आगे फिर एक्सीडेंट का खतरा रहेगा।

## सार समाचार

### सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और साइबर सुरक्षा के बारे में बताया



**नीमराणा, 1 अक्टूबर ( निसं )।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अलवर के निर्देशानुसार तालुका विधिक सेवा समिति बहरोड़ के तत्वापधान में सोमवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दौलतसिंहपुरा में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट और साइबर सुरक्षा के बारे में जानकारी दी। जिसमें पीएलवी किरण ने बताया कि सरकार ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2016 बनाया है, ताकि कचरे का सही से निपटान हो और पर्यावरण को बचाया जा सके।

यदि निगम भी इस कार्य में लापरवाही बरतता है तो सरकार उन पर भी संज्ञान ले सकती है। इसमें मुख्य रूप से संग्रहित, उपचार करना और ठोस सामग्री का निपटारा करना शामिल है। इसी के साथ बच्चों को ऑनलाइन हो रही धोखाधड़ी फ्रॉड कॉल वह साइबर टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी। इस दौरान विद्यालय प्रधानाध्यापिका इंदू बाला, कांता देवी, रानू मैडम, महेंद्र सिंह यादव, अतर सिंह यादव, अनुज गोदारा आदि उपस्थित रहे।

### भाजपा सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक

**बहरोड़, 1 अक्टूबर ( निसं )।** भाजपा के सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने ली। उन्होंने भाजपा के सभी जन प्रतिनिधियों, जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों को अभियान को गति देने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जन जन में भाजपा की विचारधारा और राष्ट्र के प्रति समर्पित भाव एकजुटता से समाज के हर वर्ग को जोड़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को विकसित भारत बनाने के लिए आज इस परिवार को और विस्तृत कर संगठन को मज़बूत करना है।

इस बैठक में जिला अलवर उत्तर की सभी विधानसभाओं के सदस्यता अभियान की समीक्षा की गई। जिलाध्यक्ष उम्मीद भैया ने सभी कार्यकर्ताओं को एकजुटता से कार्य करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर जिला प्रमुख बलबीर छीलर, बहरोड़ पंचायत समिति प्रधान प्रतिनिधि बस्तीराम यादव, जिला सदस्यता अभियान संयोजक शंकर बोहरा, जिला उपाध्यक्ष डॉ नीलम यादव, जिला महामंत्री महासिंह चैधरी, जिला मंत्री सुरेंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष जिले में दौरे पर

**अलवर, 1 अक्टूबर ( निसं )।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी सदस्यता अभियान-2024 के तहत अभियान को गति देने के लिए भाजपा युवा मोर्चा राजस्थान के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जयपुर संभाग प्रभारी विशाल पार्थ अलवर दक्षिण जिले के प्रवास पर रहेंगे।

भाजयुमो जिला अध्यक्ष तरुण जैन ने बताया कि इस दौरान प्रभारी विशाल पार्थ मंगलवार दोपहर 12.00 बजे अलवर दक्षिण जिले के युवामोर्चा जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्षों एवं सदस्यता अभियान की टोली के साथ जिला कार्यालय में बैठक कर सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा करेंगे। जिलाध्यक्ष तरुण जैन ने बताया कि उसके पश्चात जिले की सभी विधानसभाओं अलवर शहर, अलवर ग्रामीण, रामगढ़, कठूमर, थानागाजी, राजगढ़, लक्ष्मणगढ़ स्थित छात्रावासों, कोचिंग संस्थानों, महाविद्यालय में सदस्यता अभियान को लेकर प्रवास करेंगे।

### हिरण की तरह नीलगाय को भी संरक्षित किए जाने की मांग

**अलवर, 1 अक्टूबर ( निसं )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रांतीय संयोजक राजेश कृष्ण सिद्ध ने राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को एक ज्ञापन भेजकर मांग की है कि वन्य जीव नीलगाय को भी हिरण की उसी प्रजाति के होने के कारण उसे संरक्षित किया जाए और उसे मारने के कानून को खत्म करने में तुरंत हस्तक्षेप करें।

ज्ञापन में आश्चर्य व दुख व्यक्त किया गया है कि हजारों धार्मिक, सामाजिक, पर्यावरण और प्रकृति से जुड़े संगठनों और बड़े-बड़े धर्माचार्यों, साधु संत, जैन मुनियों के मुखर विरोध के बाद भी अभी तक राजस्थान में फसल रक्षा के नाम पर नीलगायों के वध संबंधी क्रूर फरमान व अधिसूचना समाप्त नहीं हुई है। प्रदेश संयोजक सिद्ध ने अपने ज्ञापन में यह भी कहा है कि नीलगाय भी जंगल व प्रकृति की शान है।

नीलगायों की भी जंगल की परिस्थिति के विकास (बायोडायवर्डसिटी) में महत्वपूर्ण भागीदारी है जो हिरण व मृग की तरह भोली व शाकाहारी अहिंसक वन्य जीव है। इसी के बदौलत अरावली पर्वतमाला में धौंक प्रजाति के वृक्ष संरक्षित है और धौंक के संरक्षित होने से अरावली संरक्षित है। अरावली के संरक्षित से हम सभी का जीवन संरक्षित हो रहा है।

ऐसे में नीलगायों की हत्या संबंधी क्रूर अधिसूचना अविलंब रद्द की जानी चाहिए क्योंकि जहां एक ओर हिरण के शिकार मामले में फिल्म अभिनेता सलमान खान को कोर्ट से जेल की सजा तक सुनाई जा चुकी है तब ऐसे में उसी हिरण प्रजाति के समान वन्यजीव नीलगाय को मरवाने की छूट देना कानून का मखौल व प्रकृति के साथ अन्याय है।

ज्ञापन में मुख्यमंत्री से इस मामले में शीघ्र हस्तक्षेप करते हुए नीलगायों को भी जीवनदान दिलाने व किसानों की फसल रक्षा हेतु कोई भी अहिंसक व वैज्ञानिक रास्ता निकालने का अनुरोध किया गया है। ज्ञापन की प्रतियां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली व प्रदेश के वन मंत्री संजय शर्मा को भी भेजकर उनसे भी कार्रवाई का अनुरोध किया गया है।

### संस्कृत विद्यालय के छह छात्रों का चयन



**कोटकासिम, 1 अक्टूबर ( निसं )।** संस्कृत शिक्षा जयपुर संभागीय स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता छात्र वर्ग 14 का आयोजन राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय शाहपुरा-लालसोट दौसा में किया गया था।

इस प्रतियोगिता में छात्र वर्ग 14 में बैडमिंटन प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय कोटकासिम के छात्र गौरव, हिमेश, सोहन, ब्रजमोहन, मंयक और कुश्ती में छात्र अंश विजेता रहे। जिससे विद्यालय के 6 विद्यार्थियो का राज्य स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता में चयन हुआ है।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य सतीश कुमार बाघोरिया द्वारा विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न एवं प्रश्स्ती पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

उन्होने बताया कि विद्यार्थियों की राज्य स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता धौलुपर में आयोजित होगी। जिसमें विद्यालय के 6 विद्यार्थी भाग लेंगे।

इस अवसर पर व्याख्यता शीशराम वर्मा, धर्म सिंह, हेमराज प्रजापत, दल प्रभारी बिहारीलाल मीणा सहित समस्त विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावक मौजूद रहे।

### पुर में रामलीला मंचन के लिए बल्ली पूजन

**कोटकासिम, 1 अक्टूबर ( निसं )।** कोटकासिम उपखंड के ग्राम पुर में शुभ मुहूर्त में बल्ली पूजन पंडित रूपक शर्मा ने मंत्रोचारण के साथ किया गया। रामलीला कमेटी पुर के योगेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि सोमवार को रामलीला मंचन हेतु बल्ली पूजन किया गया। वहीं रात्री के समय गणेश पूजन एवं नारद मोह की लीला का मंचन किया गया।

इस अवसर पर रामलीला कमेटी अध्यक्ष मुकेश सिंह चौहान, घनश्याम शर्मा, बीरमसिंह चौहान, हुकमचंद शर्मा, दान सिंह चौहान, ओमप्रकाश सेन, महेंद्र शर्मा, दलीप सिंह चौहान, लाल सिंह शेखावत, हरिओम शर्मा, सूरज शर्मा सहित समस्त कलाकरा एवं ग्रामीण मौजूद थे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक सरोज शर्मा के लिए सांध्य ज्योति दर्पण प्रिंटर्स, डी.एल.टॉवर3-ए, विद्याश्रम इंस्टीट्यूशनल एरिया, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर से मुद्रित करा कर सांध्य ज्योति दर्पण कार्यालय केडलगंज , अलवर से प्रकाशित है। संपादक सी.पी. सैनी, फोन नं. 0144-2335105, 2701531 जयपुर कार्यालय : संसार चन्द्र रोड, जयपुर, निदेशक : बी.एम.शर्मा, सम्पादक : महेन्द्र यादव - फोन : 2364412, 2361816, फैक्स : 0141-2361816। नागौर कार्यालय - 1/44 व्यास कॉलोनी, नागौर - सम्पादक : रमेश जैन, फोन : 240071 फैक्स- 01582-240071, भरतपुर कार्यालय - कोतवाली रोड, भरतपुर- सम्पादक : जगदीश अग्रवाल, फोन : 223780, पोस्टल रजि.नं. आरजे-779, आरएनआई नं. 48648/90